# 20 औद्योगिक इकाइयों को लेटर आफ कंफर्ट

राज्य ब्यूरो, जागरण • लखनऊ : प्रदेश के औद्योगिक विकास को गति देकर बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन की संभावनाएं तलाश रही प्रदेश सरकार ने बीते एक वर्ष में 20 इकाइयों को लेटर आफ कंफर्ट (एलओसी) जारी किए हैं। सुपर मेगा व मेगा श्रेणी की यह इकाइयां प्रदेश में 9889.53 करोड़ रुपये का निवेश कर रही हैं। लेटर आफ कंफर्ट एक लिखित दस्तावेज होता है, जिसके माध्यम से सरकार कंपनियों को नीति के तहत प्रोत्साहन लाभ देने का भरोसा दिलाती है। उत्तर प्रदेश औद्योगिक निवेश और रोजगार प्रोत्साहन नीति-2022 के तहत मानकों को पूरा करने वाली इकाइयों को सरकार की ओर से एलओसी जारी किए जा रहे हैं।



एलओसी प्राप्त करने में पूर्वांचल क्षेत्र में औद्योगिक इकाइयां स्थापित कर रही कंपनियां सबसे आगे हैं। पूर्वांचल में 4182.17 करोड़ के निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतार रही सात कंपनियों को एलओसी जारी किए गए हैं। वहीं, पश्चिमांचल के लिए 3380.31 करोड़ के निवेश करार करने वाली आठ इकाइयों और मध्यांचल में 1830.48 करोड़ का निवेश करने वाली चार औद्योगिक इकाइयों के लि एलओसी जारी किए हैं। बुंदेलखंड में 494.57 करोड़ का निवेश करने वाली एक कंपनी को भी एलओसी जारी किया गया है।

- प्रदेश में 9889 करोड़ रुपये का निवेश कर रही ये कंपनियां
- सर्वाधिक निवेश संग पूर्वांचल को मिले सबसे अधिक एलओआइ

## इन कंपनियों को जारी किया गया एलओसी

| औद्योगिक इकाई | प्रस्तावित निवेश (करोड़ रुपये में) | सेक्टर | जिला |
|---|---|---|---|
| वरुण बेवरेजेज | 1116.86 | खाद्य प्रसंस्करण | प्रयागराज |
| वरुण बेवरेजेज | 780.43 | खाद्य प्रसंस्करण | अमेठी |
| वरुण बेवरेजेज | 1052.56 | खाद्य प्रसंस्करण | गोरखपुर |
| कनोडिया सीमेंट प्रा. लि. | 452.75 | मैन्युफैक्चरिंग | प्रतापगढ़ |
| बनासकाठा जिला सहकारी दुग्ध संघ | 618.15 | डेयरी | वाराणसी |
| मां महामाया इस्पात एंड एलाय | 77.15 | मैन्युफैक्चरिंग | मीरजापुर |
| सीपी मिल्क एंड फूड प्रोडक्टस | 84.27 | डेयरी | गोरखपुर |
| श्री सीमेंट नार्थ प्रा. लि. | 1016.60 | मैन्युफैक्चरिंग | एटा |
| अंबा शक्ति स्टील्स प्रा. लि. | 111.95 | मैन्युफैक्चरिंग | मुजफ्फरनगर |
| कनोडिया सीमेंट प्रा. लि. | 452.75 | मैन्युफैक्चरिंग | बुलंदशहर |
| क्रीमी फूड्स लिमिटेड | 192.00 | खाद्य प्रसंस्करण | बुलंदशहर |
| आरएसीएल गियरटेक | 250.00 | मैन्युफैक्चरिंग | अमरोहा |
| एलायज डिस्टलरी लिमिटेड | 157.98 | जैव ईंधन | मथुरा |
| एबी मीरी इंडिया प्रा. लि. | 1133.67 | खाद्य प्रसंस्करण | पीलीभीत |
| श्री सिधबली स्टील्स प्रा. लि. | 65.36 | मैन्युफैक्चरिंग | मुजफ्फरनगर |
| बालाजी वेफर्स प्रा. लि. | 497.24 | खाद्य प्रसंस्करण | हरदोई |
| एचएल एग्री प्रोडक्ट्स प्रा. लि. | 500.00 | खाद्य प्रसंस्करण | कानपुर देहात |
| आइटीसी लिमिटेड | 663.24 | खाद्य प्रसंस्करण | हरदोई |
| डालमिया चीनी मिल्स ग्रेन डिस्टिलरी | 170.00 | जैव ईंधन | सीतापुर |
| वरुण बेवरेजेज | 496.57 | खाद्य प्रसंस्करण | चित्रकूट |